हनुवंतिया में जल-महोत्सव 2021-22 का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

20 नवंबर, 2021 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खंडवा ज़िले के पर्यटन स्थल 'हनुवंतिया'में जल-महोत्सव 2021-22 का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुवंतिया सिंगापुर के सेंटोसा आइलैंड जैसा सुंदर है। सेंटोसा आइलैंड के भ्रमण के दौरान ही उन्हें हनुवंतिया को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की प्रेरणा मिली थी। यहाँ का गहरा नीला पानी समंदर जैसा है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुवंतिया में सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही विभिन्न साहसिक गतिविधियाँ-स्कूबा डायविंग, ज्वाय राइड, हॉट एयर बैलून आदि प्रारंभ की जाएंगी। पर्यटक हेलीकॉप्टर में बैठने का आनंद भी ले सकेंगे।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र जनजातीय नायकों-टंट्या भील, भीमा नायक, खज्या नायक आदि की गौरव गाथा कहता है। टंट्या मामा ने यहाँ जन्म लिया तथा उनके कड़े यहाँ रखे हैं।
- ज्ञातव्य है कि मध्य प्रदेश में टंट्या मामा का बलिदान दिवस 4 दिसंबर को पातालपानी में मनाया जाएगा। इसके पूर्व उनके जन्म स्थान खंडवा ज़िले की पंधाना तहसील के बडदा ग्राम से उसकी पावन मिट्टी का कलश लेकर यात्रा निकाली जाएगी, जो 4 दिसंबर को पातालपानी में संपन्न होगी।
- वन मंत्री विजय शाह ने कहा कि हनुवंतिया क्षेत्र में नर्मदा नदी के विभिन्न टापुओं का पर्यटन की दृष्टि से विकास किया जाएगा। चारखेड़ा में बर्ड वॉचिंग सेंटर एवं नाइट सफारी प्रारंभ किये जा सकते हैं। संत सिंगाजी तीर्थ-स्थल के लिये नाव चलाई जाएगी। यहाँ पानी पर हवाई जहाज़ उतरने की व्यवस्था कर हवाई सेवा भी प्रारंभ की जा सकती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/water-festival-2021-22-in-hanuwantia